ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 18-10-2024

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-10-18 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-10-19	2024-10-20	2024-10-21	2024-10-22	2024-10-23
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	1.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	36.0	37.0	36.0	36.0	36.0
न्यूनतम तापमान(से.)	22.0	22.0	22.0	22.0	22.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	30	27	28	34	28
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	15	16	17	21	16
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	8	10	11	5	7
पवन दिशा (डिग्री)	221	238	225	197	239
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	3	2	3	6

मौसम सारांश / चेतावनी:

आने वाले दिनों में बादल छाए रहने की संभावना। अधिकतम तापमान 36.0 से 37.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 22.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना। हवा की गति 8-11 किमी/घंटा रहने की संभावना है।

सामान्य सलाहकार:

किसानों को सलाह दी जाती है कि वे रबी फसलों की बुवाई से पूर्व खेत में 8-10 टन गोबर की खाद प्रति हैक्टेयर में डालें जो मृदा के भौतिक व जैविक गुणों को बडाती है तथा मृदा की जल धारण क्षमता भी बडती है।

लघु संदेश सलाहकार:

22 अक्टूबर को कहीं कहीं पर हल्की वर्षा की सम्भावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	किसान भाई सरसों/राया की बुवाई हेतु उन्नत किस्मों जैसे आर.एच -30, बायो-902, आशीर्वाद, सी.एच 54, डी.आर.एम.आर.आई.जे 31 (गिरिरीज), पुसा सरसों 26, पुसा सरसों 27, वाई.एस.एच 0401 (पीली सरसों) एंव आर.जी.एन.145 की व्यवस्था करें। बुवाई हेतु 4-5 किलो ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर के लिए पर्याप्त है। तापमान को देखते हुए सरसों की बुवाई अभी ना करें।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चना	चने की फसल को जड़ गलन रोग से बचाने के लिए बीज को कार्बेण्डेजिम 2 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करें। अंतिम जुताई के समय 20 किलो नत्रजन व 25 किलो फास्फोरस प्रति हैक्टेयर की दर से बुवाई के समय दें। बुवाई हेतु 80-100 किलो ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर के लिए पर्याप्त है।
कपास	देसी/नरमा कपास में टिण्डे खिल गए हो तो समय पर चुगाई कर लें। अतः चुगाई करते समय सफाई का ध्यान रखें। जिससे रूई की गुणवत्ता बनी रहे।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
मेंथी	मैथी की फसल की बुवाई का समय अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से नवंबर के पहले सप्ताह तक है। बुवाई के लिए खाद, बीज तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें। RMT-I व RMT-305 उन्नत किस्में है।
प्याज	प्याज की पौध तैयार करने के लिए क्यारियां तैयार करें। पूसा रेड, नासिक रेड, आर.ओ-252, हिसार प्याज-3, उदयपुर -102, पूसा व्हाइट फलेट व अकोला सफेद प्याज की उन्नत किस्में है। एक हैक्टेयर फसल लगाने के लिए 10 किलो बीज पर्याप्त होता है।
बेर	बेर को फल मक्खी के प्रकोप से बचाने के लिए इमिडाक्लोप्रिड 1 मिली लीटर प्रति 3 लीटर पानी या डाईमेथोरेट 1 मिली लीटर प्रति 1 लीटर पानी की दर से छिडकाव करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि पशुओं को चिंचड़ी, जुंए, पिस्सू तथा गोमक्खी से बचाव हेतु पंजीकृत पशु चिकित्सक की सलाह अनुसार पशु शरीर के ऊपर 2 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी की दर से डेल्टा मेथ्रिन (बुटोक्स) का प्रयोग करें।